महज 3 दिन में बस गई सूर्या नगर की खटीक बस्ती, प्रभावितों का घरौंदा हुआ तैयार, दैनिक जरूरतों की सभी सामग्रियां प्रभावित परिवारों को विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के हाथों हुआ वितरण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल की पहल से सूर्या नगर की खटीक बस्ती फिर से अपने मूल स्वरूप में आ गई वह भी महज 3 दिनों में। प्रभावित परिवारों का आशियाना तैयार होने का पूरा स्ट्रक्चर खड़ा होने के बाद आज विधायक देवेंद्र यादव , महापौर नीरज पाल, माननीय मुख्यमंत्री जी के ओएसडी मनीष बंछोर, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू ने राहत सामग्रियों का वितरण प्रभावित परिवारों के आशियाने तक जाकर किया। बता दे कि महापौर एवं निगम आयुक्त ने दिन-रात बस्ती में ही डटे रहकर बस्ती को फिर से बसाने में अभूतपूर्व सहयोग किया। निगम प्रशासन की मेहनत रंग लाई और प्रभावित परिवारों का घरौंदा तैयार हो गया। 9 अप्रैल को ही घटना के बाद से महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जुटे रहे तथा दिन रात की अथक प्रयास के बाद आखिर कर सूर्या नगर की बस्ती फिर से तैयार हो गई है। निगम ने प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद करने के लिए बांस, बल्ली, टीन शेड, भोजन, पेयजल, बाल्टी एवं दैनिक क्रिया के लिए जरूरी सामग्रियों की त्वरित व्यवस्था की तथा तत्कालिक रूप से राहत शिविर बनाया। आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज फिर से बनाने के लिए कैंप का आयोजन किया। महापौर एवं आयुक्त ने बस्ती में एक-एक परिवार से मिलकर उनकी जरूरतों के मुताबिक सहायता की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे निरंतर गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने के लिए उनके निर्देश पर सर्वे का काम पूरा हो चुका है। इसके अलावा प्रमुख रूप से जोन अध्यक्ष संतोष नाथ सिंह उर्फ जालंधर, एमआईसी मेंबर एवं लोक कर्म विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर , राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी , पार्षद इंजीनियर सलमान , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , उपायुक्त सुनील अग्रहरि , जोन आयुक्त येशा लहरें आदि का प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए विशेष सहयोग रहा।

प्रभावित परिवारों के घर संचालन के लिए जरूरी सामग्री की पूरी किट का किया गया वितरण सूर्या नगर बस्ती फिर से बसने के बाद विधायक देवेंद्र यादव , महापौर नीरज पाल एवं जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने सभी प्रभावित परिवारों को उनके घर के संचालन के लिए सभी जरूरी सामग्रियों के किट का वितरण किया। मुख्य रूप से एक किट में गद्दा , तकिया, बेडशीट, तकिया कवर, पंखा, गैस चूल्हा, थाली, लोटा, गिलास, कटोरी, मग्गा, शर्ट, लोअर, टूथ ब्रश टूथपेस्ट, नहाने और कपड़े धोने दोनों

का साबुन, तेल, साड़ी, इनरवियर, चम्मच, तवा, गंजी, बेलना, चौकी, चिमटा, गुंडी, कुकर, बड़ा कटोरा, महिलाओं और पुरुषों के लिए सभी प्रकार के अलग-अलग पूरे कपड़े एवं राशन सामग्री की पूरी किट जिसमें चावल, दाल, आटा, विभिन्न प्रकार के मसाले , नमक, हल्दी, धनिया, मिर्ची, आदि का वितरण महापौर नीरज पाल ने किया। इस अवसर पर मदर टैरेसा नगर के जोन अध्यक्ष संतोष नाथ सिंह उर्फ जालंधर, महापौर परिषद के सदस्य एवं राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी, लोक कर्म विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर , समाज कल्याण विभाग के प्रभारी चंद्रशेखर गवई, पार्षद इंजीनियर सलमान आदि मौजूद रहे।